आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

—ःकार्यालय आदेशः—

आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया के आदेश ज्ञापांक—1219, दिनांक—06.05.2022 द्वारा कार्यालय में आयुक्त को जनता से सीधे प्राप्त होने वाले आवेदनों का संधारण संबंधित पटल के सहायकों द्वारा किया जायेगा तथा उक्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की पूर्ण विवरणी संबंधित सहायकों द्वारा जिलावार सम्बद्ध डाटा इन्ट्री ऑपरेटर/ कम्प्यूटर ऑपरेटर/ कार्यपालक सहायक के द्वारा कम्प्यूटर पर कराये जाने का निर्देश दिया गया था।

2. उक्त कार्य की समीक्षा आज दिनांक—22.08.2022 को आयुक्त द्वारा की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि उक्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की सूचना अद्यतन नहीं है। कई मामले में तीन माह के बाद भी स्मार नही भेजे गये है।

3. उक्त आलोक में इस मामलों के सम्यक निस्तार हेतु निम्न निदेश दिये जाते हैः—

(क) संबंधित सहायक अपने—अपने पटल से प्राप्त होने वाले आवेदन—पत्रों (जिनपर आयुक्त का वृत्तादेश अंकित हो) की विवरणी संबंधित डाटा इंट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर ऑपरेटर/कार्यपालक सहायक से कम्प्यूटर में दर्ज करायेगे।

(ख) संबंधित सहायक समय—समय पर स्मार भी जिलों को प्रेषित करते हुए इसकी सूचना की प्रविष्टि भी कम्प्यूटर में करवायेगे। स्मार के पश्चात् भी कृत्त कार्रवाई की सूचना प्राप्त नहीं होने पर अर्द्धसरकारी पत्र भेंजेगे।

(ग) ऑपरेटरों द्वारा किये गये इंट्री का पर्यवेक्षण आई0टी0 मैनेजर द्वारा समय—समय पर साप्ताहिक रूप से किया जायेगा।

(घ) सभी सहायकों के पटल के आवेदनों पर कृत्त कार्रवाई का पर्यवेक्षण संबंधित प्रशाखा पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा।

3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

4. आदेश पर आयुक्त का अनुमोदन प्राप्त है।

ह/—
आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक—1/मु0— स्था0 01—02/2022 2800, दिनांक— 22/08/22

प्रतिलिपिः— सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक/ आई0टी0 मैनेजर /लिपिक/संबंधित डाटा इंट्री ऑपरेटर/कम्प्यूटर ऑपरेटर/कार्यपालक सहायक, आयुक्त कार्यालय, पूर्णियॉ प्रमंडल, पूर्णियॉ को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

22/8/22
आयुक्त के सचिव,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।